समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# विराट कोहली ने थामा इस स्पोर्ट्स स्टार्टअप का हाथ, Agilitas मे किया 40 करोड़ रुपये का निवेश।

Publisher

Published on 28 Jun 2025



## Puma से नाता तोड़ अब विराट कोहली बने Agilitas के इन्वेस्टर, जल्द ही One8 ब्रांड भी कंपनी के साथ।

**Agilitas क्या करती है ?**

बेंगलुरु स्थित **Agilitas** एक स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्टार्टअप है, जिसकी स्थापना **Puma India के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक गांगुली** ने की थी। कंपनी ने 2023 में भारत की जानी-मानी जूता निर्माता कंपनी **Mochiko** का अधिग्रहण किया।

**Agilitas, Adidas, Reebok, Puma, Skechers, Clarks, Crocs** और **Decathlon** जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के लिए जूते बनाती है। इसके अलावा कंपनी ने **Lotto ब्रांड** के भारत में **लाइसेसिंग राइट्स** भी हासिल कर लिए हैं।

**विराट कोहली का निवेश और रणनीति**

इस बार **विराट कोहली केवल ब्रांड एंबेसडर** नहीं हैं, बल्कि **40 करोड़ रुपये का निवेश** कर कंपनी के रणनीतिक साझेदार बन गए हैं। इसके साथ ही उन्हें **3.6 लाख क्लास 2 CCPS शेयर** जारी किए गए हैं।

कंपनी का लक्ष्य जल्द ही तीन नए ब्रांड्स के लाइसेंस हासिल करना है, जिनमें से एक **कोहली का पॉपुलर लाइफस्टाइल ब्रांड One8** भी हो सकता है।

**Puma के साथ डील खत्म**

कोहली ने 2017 में **Puma के साथ 110 करोड़ रुपये** की 8 साल की एन्डोर्समेंट डील साइन की थी। इस साल यह डील 300 करोड़ रुपये में रिन्यू होनी थी, लेकिन कोहली ने इससे पहले ही खुद को डील से अलग कर लिया और अब **Agilitas** में निवेश का फैसला किया।

### Agilitas की पिछली फंडिंग

इससे पहले **Agilitas** को **युवराज सिंह, Spring Capital और Nexus Venture Partners** से 500 करोड़ रुपये की फंडिंग मिल चुकी है। कोहली का निवेश कंपनी को **ब्रांड वैल्यू** और **उपभोक्ता जुड़ाव** दोनों में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### कोहली के अन्य स्टार्टअप निवेश

विराट कोहली का यह पहला निवेश नहीं है। वे पहले ही कई हाई-वैल्यू स्टार्टअप्स में पैसा लगा चुके हैं, जैसे:

१. **MPL (Mobile Premier League)**

२. **Digit Insurance**

३. **Wrogn (उनका खुद का ब्रांड)**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.